# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


# WhatsApp का नया AI Summarize फीचर : अब मैसेज पढ़ना हुआ और भी आसान।


Publisher

Published on 27 Jun 2025




## WhatsApp का नया AI फीचर बिना चैट खोले unread मैसेज का सारांश देगा, जिससे यूजर्स को मिलेगी जरूरी जानकारी और समय की बचत — पूरी प्राइवेसी के साथ।

**WhatsApp ने लॉन्च किया AI Summarize फीचर, जाने क्या है खास**

अगर आपके **WhatsApp** में रोजाना सैकड़ों मैसेज आते हैं और आप उन्हें पढ़ नहीं पाते — तो अब राहत की खबर है। **WhatsApp** ने एक नया **AI Summarize** फीचर लॉन्च किया है जो अनरीड मैसेज का संक्षिप्त सारांश देगा।

यह फीचर **ग्रुप चैट्स** और **पर्सनल मैसेज** दोनों पर काम करता है। इससे यूजर्स एक ही नजर में यह जान सकेंगे कि किन मैसेज में क्या जरूरी बात है, बिना हर मैसेज खोले।

**प्राइवेसी का रहेगा पूरा ध्यान**

**WhatsApp** ने इस फीचर में **Private Processing** नाम की तकनीक इस्तेमाल की है, जो **Trusted Execution Environment** (TEE) नाम के **सिक्योर प्लेटफॉर्म** पर काम करता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि यूजर की कोई भी निजी जानकारी ऐप से बाहर नहीं जाती और पूरी तरह गोपनीय रहती है।

**AI देगा मैसेज का सारांश और सुझाव**

१. **यह फीचर न सिर्फ मैसेज का सारांश बनाएगा, बल्कि यह भी बताएगा कि**
२. **कौन से मैसेज जरूरी है**
३. **किन्हे बांद मे पंढ़ा जा सकता है**
४. **इससे यूजर्स का समय बचेगा और जरूरी जानकारी मिस नहीं होगी।**

**कहां और कैसे मिलेगा यह फीचर?**

फिलहाल यह फीचर अमेरिका में चुनिंदा यूजर्स के लिए उपलब्ध है और अभी केवल **अंग्रेजी भाषा** को सपोर्ट करता है। **WhatsApp** की योजना है कि इसे जल्द ही अन्य भाषाओं में भी लॉन्च किया जाए, ताकि अधिक से अधिक यूजर्स इसका लाभ उठा सकें।

जब यह फीचर आपके फोन में आएगा, तो चैट सेक्शन में ही सारे **अनरीड मैसेज** का सारांश लिस्ट या बुलेट फॉर्म में दिखेगा, जिससे जरूरी बातें जल्दी समझ में आ जाएंगी।

**क्यों खास है यह फीचर?**

१. **रोजाना ढेरों मैसेज आने वाले यूजर्स के लिए मददगार**
२. **समय की बचत और ज़रूरी जानकारी की उपलब्धता**
३. **प्राइवेसी से कोई समझौता नहीं**
४. **स्मार्ट AI आधारित सजेशन**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.